एक हाथ में मोरछड़ी है दूजे निशान | By Sandeep Rajput

एक हाथ में मोरछड़ी है दूजे में निशान जी
नाचते गाते धूम मचाते चालो खाटू धाम जी
एक हाथ में मोरछड़ी है ....

शुरू यात्रा करते हैं बाबा के तोरण द्वार से
हाथो में निशान उठाये श्याम की जय जयकार से
बाबा के भक्तों को प्यारा है बाबा का नाम जी
नाचते गाते धूम मचाते चालो खाटू धाम जी
एक हाथ में मोरछड़ी है ....

मोरछड़ी का झाड़ा जैसे हो बाबा का प्यार
जिसके सर पे फेरे उसका होता बेडा पार
हारे का सहारा बाबा देता है वरदान जी
नाचते गाते धूम मचाते चालो खाटू धाम जी
एक हाथ में मोरछड़ी है ....

सच्चे मन से जो भी कोई लाता है निशान
उन भक्तों का मेरा बाबा रखता हर पल मान
लगता है भक्तों का मेला यहाँ सुबह शाम जी
नाचते गाते धूम मचाते चालो खाटू धाम जी
एक हाथ में मोरछड़ी है ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%8f%e0%a4%95-%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%ae%e0%a5%8b%e0%a4%b0%e0%a4%9b%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%a6%e0%a5%82%e0%a4%9c%e0%a5%87/